डेढ़ किमी सड़क

# तीसरे दिन भूख से जंग, अनशन से हिली व्यवस्था





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 10 जुलाई।** महज डेढ़ किलोमीटर सडक़ के लिए शुरू हुआ आमरण अनशन अब व्यवस्था की जवाबदेही का बड़ा सवाल बन गया है। दिमनी विधानसभा के पीपरीपुरा-जौहां-श्यामपुरखुर्द मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर नवनीत तोमर (30) लगातार तीसरे दिन भी अन्न-जल त्यागकर धरना पर बैठा रहा। बरसात में करीब दो हजार ग्रामीणों की जिंदगी प्रभावित करने वाली इस सडक़ का अप्रैल में भूमिपूजन हो चुका है, लेकिन निर्माण अधूरा है।

**भूमिपूजन के बाद अधूरा निर्माण बना विवाद, सांसद पर आरोप फोन पर की आपत्तिजनक टिप्पणी**

शुक्रवार को एसडीएम प्रतिज्ञा शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ अनशन समाप्त कराने का प्रयास किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर मौके पर पहुंचे, जबकि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने वीडियो कॉल कर आंदोलन को समर्थन दिया। इसी बीच नवनीत ने सांसद शिवमंगल सिंह तोमर पर फोन पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उनका दावा है कि सांसद ने कहा कि 60 साल से सडक़ के लिए आवाज नहीं उठाई, मरना है तो मर जाओ। हालांकि इस आरोप पर सांसद या उनके कार्यालय की ओर से खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**ग्रामीण बोले सवाल सडक़ का नहीं, विकास के झूठे वादों का**

ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश में सडक़ दलदल बन जाती है, एंबुलेंस और स्कूल वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। अब सवाल सिर्फ सडक़ का नहीं, बल्कि उन वादों का है जिनका भूमिपूजन तो हुआए लेकिन काम अब तक अधूरा है।

**नवनीत के आरोप, अस्पताल के बजाय ले गए पुलिस थाने**

स्वास्थ्य बिगडऩे पर प्रशासन ने नवनीत तोमर को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन इसे लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। नवनीत का आरोप है कि उन्हें अस्पताल ले जाने की बजाय पुलिस थाने ले जाया गया और आंदोलनकारियों पर बल प्रयोग किया गया। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पोस्ट ऑफिस परिसर से बाइक चोरी, नहीं हुई एफआईआर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** स्टेशन रोड स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर से दिनदहाड़े एक स्पेलेंडर बाइक चोरी हो गई। जौरी गांव निवासी एवं पोस्ट ऑफिस में बीपीएम पद पर कार्यरत सोनपाल नागर ने बताया कि गुरुवार को कार्यालय के बाहर खड़ी उनकी बाइक अज्ञात युवक चुरा ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी स्टेशन रोड थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस द्वारा आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही जा रही है। मामले में कार्रवाई में देरी को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं।



# जमीनी विवाद में सगे भतीजे ने चाचा के सिर में गोली मारी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 10 जुलाई।** जमीन विवाद ने शुक्रवार को एक बार फिर खून के रिश्तों को शर्मसार कर दिया। दोहरी रोड स्थित माता मंदिर के पास सगे भतीजे ने अपने चाचा सतेंद्र सिंह गहलोत (35) के सिर में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल सतेंद्र को पहले अंबाह सिविल अस्पताल, फिर जिला अस्पताल मुरैना और हालत नाजुक होने पर ग्वालियर रेफर किया गया है।

**अंबाह क्षेत्र के दोहरा गांव की घटना, जख्मी चाचा ग्वालियर रैफर**

जानकारी के अनुसार सतेंद्र सिंह और उनके भाइयों के बीच पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे माता मंदिर के पास मौजूद सतेंद्र पर उनके बड़े भाई के बेटे ने फायर कर दिया। सिर में गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में दिए बयान में घायल सतेन्द्र सिंह ने अपने सगे भतीजे पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है। घटनास्थल की जांच के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वर्ष 2024 में सतेंद्र के भाई सोनू की हत्या और शुक्रवार की फायरिंग के बीच कोई संबंध तो नहीं है।

**इनका कहना है...**

जख्मी सतेन्द्र सिंह के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला जमीन विवाद और पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।
**- रवि प्रताप भदौरिया**
**एसडीओपी, अंबाह**

## 10 जुलाई को जिले में 1.3 मिमी बारिश, जौरा में सर्वाधिक 6 मिमी

**मुरैना, 10 जुलाई।** जिले में शुक्रवार 10 जुलाई को औसत 1.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। भू-अभिलेख एवं भू-संसाधन प्रबंधन विभाग के अनुसार जिले की सामान्य औसत वर्षा 706.9 मिमी है, जबकि 1 जून से 10 जुलाई तक कुल 126.1 मिमी औसत बारिश हुई है। शुक्रवार को जौरा में सर्वाधिक 6 मिमी तथा मुरैना में 2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं पोरसा, अंबाह, कैलारस और सबलगढ़ में बारिश नहीं हुई। 1 जून से अब तक जौरा में 220 मिमी, कैलारस में 156 मिमी, अंबाह में 152.5 मिमी, मुरैना में 83.4 मिमी, सबलगढ़ में 81 मिमी और पोरसा में 64 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 356.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी, जो इस वर्ष की तुलना में काफी अधिक रही।

# महिलाओं ने दिया संस्कृति संग पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** लायंस क्लब मुरैना एलीट ने समरवेव वॉटर पार्क में उत्साह और उल्लास के साथ केरला उत्सव मनाया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने केरल की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर वहां की संस्कृति, लोक परंपराओं और खान.पान से जुड़ी झलकियां प्रस्तुत कीं।

**लॉयन्स क्लब एलीट ने मनाया केरला उत्सव, पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य, व्यंजन रहे आकर्षण, रोपे पौधे**

क्लब की अध्यक्ष अंजना शिवहरे ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सदस्यों को भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना था। इस दौरान केरल के पारंपरिक गीतों पर नृत्य, केरला थीम पर आधारित तंबोला और मनोरंजक खेल आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के अंत में सदस्यों ने केरल के पारंपरिक व्यंजनों का भी स्वाद लिया। सामाजिक दायित्व निभाते हुए क्लब सदस्यों ने औषधीय, फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अंजना गर्ग ने किया।

**आयोजन में क्लब की यह सदस्य हुईं शामिल**

फाउंडर प्रेसिडेंट इंजी. नीता बांदिल, पूर्व अध्यक्ष भारती मोदी, सचिव अनुराधा गर्ग, अंशुल गोलश, ज्योति मोदी, मयूरी गुप्ता, अनीता तुलसानी, कंचन चावला, मयूरी बांदिल, मीरा मंगल, प्रभा अग्रवाल,रानी मंगल, पूजा सिंघल, सुरभि, नैंसी, डॉ. संध्या गोयल, डॉ. शिवानी तोमर, रश्मि सिंह, मिनी गर्ग, दीपिका गर्ग, ममता, शैली, एकता गोयल, अनीता गर्ग, अंजना कंषाना, लता गोयल, श्वेता, राधा राजौरिया, सरिता गर्ग, पूजा शर्मा, पारुल, शिखा गोयल दिशा चावला केरला उत्सव में शामिल रहीं।

## एक नजर में

**पगारा डैम में नहाते समय युवक पानी में डूबा, रेस्क्यू अभियान जारी**




**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** कस्बा जौरा के निकट स्थित पगारा डैम में शनिवार की शाम एक युवक नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही जौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई। सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह कुशवाह से मिली जानकारी के अनुसार काशीपुर मुरैना निवासी 24 वर्षीय राहुल इंदौलिया शनिवार को अपने मित्र सचिन सिकरवार, कल्ला तोमर, कान्हा तोमर और ललित राठौर के साथ पगारा डैम पर पिकनिक मनाने आया था। शाम करीब 4 बजे राहुल तैरने के लिए पानी में उतरा और अचानक गहरे पानी में चला गया। डैम पर मौजूद राहुल के दोस्तों ने तत्काल जौरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों की मदद से राहुल की डैम के पानी में तलाश शुरू कराई। करीब एक घंटे बाद सूचना मिलने पर मुरैना से एसडीईआरएफ की टीम भी पगारा डैम पहुंच गई थी। खबर लिखे जाने तक टीम द्वारा डैम में डूबे राहुल की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था।

**13 सूत्रीय मांगों पर आर-पार के मूड में पेंशनर्स, सौंपेंगे ज्ञापन**

**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा जौरा की मासिक बैठक शुक्रवार को गांधी वाचनालय में अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की 13 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। मांगों की लगातार अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए आंदोलन की रणनीति भी तैयार की गई। प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं तहसील अध्यक्ष हरिओम पाराशर ने कहा कि प्रदेश सरकार का पेंशनरों के प्रति उदासीन रवैया अब स्वीकार्य नहीं है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगा। उन्होंने बताया कि संगठन के आजीवन सदस्यों के पहचान पत्र तैयार हो चुके हैं और सदस्य उनसे संपर्क कर अपने कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष रघुनंदनलाल श्रीवास्तव, सचिव ओमप्रकाश शाक्य सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।



# अभाविप ने जगाई राष्ट्रसेवा की भावना की अलख



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय महाविद्यालय में अभाविप एक परिचय एवं 78 वर्षों की गौरवशाली यात्रा विषय पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया।

मुख्य वक्ता विनीत वर्मा (एसएफएस प्रमुख) ने कहा कि छात्र जीवन केवल डिग्री हासिल करने का नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा का भी महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अभाविप की 78 वर्षों की यात्रा, छात्र हितों के लिए किए गए आंदोलनों, शिक्षा सुधार, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को परिषद के मूल मंत्र ज्ञान, शील, एकता और उद्घोष छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एचएन हाड़ा ने विद्यार्थियों को अनुशासित, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अंकिता मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। संचालन अर्णव दीक्षित ने किया, जबकि अंत में नगर मंत्री आशु सविता ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**78वें स्थापना दिवस पर जौरा महाविद्यालय में हुआ आयोजन**

# 11 से 18 जुलाई तक चलेगा परिवार नियोजन महाभियान



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जौरा ब्लॉक में 11 से 18 जुलाई तक परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान दंपत्तियों को परिवार नियोजन के सुरक्षित साधनों की जानकारी देने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर विशेष जोर रहेगा।

**होंगे जागरुकता कार्यक्रम, सीबीएमओ ने दिए सेवाएं घर-घर पहुंचाने के निर्देश**

अभियान की तैयारियों को लेकर सीबीएमओ डॉ. अनुभा महेश्वरी की अध्यक्षता में एमपीएस, एमपीडब्ल्यू और एएनएम की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभियान की थीम जब बच्चों में हों सही अंतर, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल रखी गई है। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान पात्र हितग्राहियों तक परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं और परामर्श समय पर पहुंचाया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ा जाए। बैठक में बीईई भूपेंद्र सिंह धाकड़, बीपीएम महेंद्रपाल सिंह, बीसीएम मधु सेमिल सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 10 जुलाई।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन एवं जौरा में एसडीएम दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपे गए।

**मानदेय, एरियर भुगतान, पदोन्नति सहित अन्य मांगें उठाईं, एसडीएम दफ्तर पर नारेबाजी**




ज्ञापन में यूनियन ने मानदेय को पोषण ट्रैकर संपर्क एप से नहीं जोड़े जाने, संपर्क एप को बंद करने, तीन से छह वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश संबंधी आदेश निरस्त करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को नर्सरी के रूप में विकसित करने की मांग उठाई। इसके अलावा आंगनबाड़ी कर्मियों के मानदेय में की गई कटौती का एरियर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जुलाई माह में ही जारी करने की मांग भी की गई। ज्ञापन में उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप आंगनबाड़ी कर्मियों से अन्य विभागों का कार्य नहीं लेने, पर्यवेक्षक के रिक्त पदों पर शत-प्रतिशत भर्ती योग्य कार्यकर्ताओं से करने, सहायिकाओं को पदोन्नति देने, सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने सहित कई अन्य मांगें शामिल थीं। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से गूंजा घिरौनाधाम, झूमे श्रद्धालु



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** श्री घिरौनाधाम हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, जयघोष और मनमोहक झांकियों के बीच पूरा पांडाल भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।

**भागवत कथा के 5वें दिन कथाचार्य ने दिया प्रकृति संरक्षण, गौसेवा का संदेश**

महामंडलेश्वर दंदरौआ सरकार रामदास महाराज के कृपापात्र संत अवध बिहारीदास महाराज ने कथा में माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग दमन और गोवर्धन पूजा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार का दमन किया और समाज को प्रकृति संरक्षण तथा गौ-सेवा का संदेश दिया। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीमती लीलावती एवं मातादीन मिश्रा जौरा खुर्द परिवार द्वारा कुलदीप मिश्रा आचार्य के सान्निध्य में कराया जा रहा है। कथा 6 जुलाई से प्रारंभ हुई है, जिसका समापन 13 जुलाई को पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

## आज जिले भर में लगेंगे विद्युत उपभोक्ता शिविर

**मुरैना, 10 जुलाई।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संपर्क अभियान के तहत 11 जुलाई को जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों पर संपर्क शिविर लगाए जाएंगे। शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे। शिविर बानमौर (फूलपुर रोड वार्ड-15) नूराबाद, जींगनी, हेतमपुर दतहरा, सुमावली, पिढ़ावली, तथा बागचीनी, सहजपुर में लगाए जाएंगे। यहां उपभोक्ताओं की बिजली बिल, मीटर रीडिंग, खराब मीटर, स्मार्ट मीटर, सर्विस केबल सहित अन्य शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा नए घरेलू एवं कृषि कनेक्शन, नाम परिवर्तन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

# 20 स्कूल बसों समेत 50 वाहनों की जांच, 60 हजार जुर्माना



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 10 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में स्कूल वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक संतोष भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस ने 50 से अधिक स्कूल वाहनों की जांच कर फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, स्पीड गवर्नर, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, जीपीएस, सीसीटीवी, इमरजेंसी एग्जिट और चालक के दस्तावेजों की जांच की।

**एसपी के निर्देशन में यातायात पुलिस ने चलाया विशेष जांच अभियान**

जांच के दौरान 20 स्कूल बसों सहित कुल 50 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों में विभिन्न कमियां मिलने पर संबंधित वाहन संचालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर 60 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन को सभी कमियां तत्काल दूर कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


## आम सूचना

श्रीमती ईसरत पत्नी श्री जाविद खान के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम बड़ोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.28 (इंदिरा गाँधी वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.840/83 (एस)850मिन ग्राम बड़ोखर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 562.5 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भवन शिवहरे, पश्चिम में-भवन सोनू खटीक, उत्तर में भवन दीगर एवं दक्षिण में रास्ता 15 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाह पुत्र श्री लाखन सिंह कुशवाह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख (जो खसरा वर्ष 2015-16 के कॉलम क्र.12 में उल्लिखित है) के अनुसार, श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री महेश सिंह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती मीना देवी द्वारा सम्पत्ति 1125 वर्गफुट एरिया श्री धर्मेन्द्र खटीक एवं श्री सोनू खटीक पुत्रगण श्री निरपाल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792017ए1219017 दिनांक 01.05.2017 से विक्रय की गई। श्री धर्मेन्द्र खटीक द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ईसरत पत्नी श्री जाविद खान को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 21 आईजीआर 17912026ए100118560 दिनांक 30.01.2026 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त वसीयतनामा विलेख (जो श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाह पुत्र श्री लाखन सिंह कुशवाह द्वारा श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री महेश सिंह के हित में की गई) की मूलप्रति गुम हो गई है। श्रीमती ईसरत द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त वसीयतनामा विलेख जो श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाह पुत्र श्री लाखन सिंह कुशवाह द्वारा श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री महेश सिंह के हित में की गई) की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध मेंकिसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फेडरल बैंक के पास**
**सटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**